# कथन – मुकेश कुमार रावल

| | | |
|---|---|---|
| थाना | – | राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर |
| अपराध क्रमांक | – | 09/2015 |
| धारा | – | 13(1) डी, 13(2) पी0सी0 एक्ट 1988, 109, 120 बी भा0द0वि0 |
| नाम व पिता का नाम | – | मुकेश कुमार रावल पिता अमृत लाल |
| उम्र | – | 38 वर्ष |
| वर्तमान पता | – | डी–48, सेक्टर–3 देवेन्द्र नगर, रायपुर(छ0ग0) |
| स्थाई पता | – | 710 रावल वास, देसाई वास, धानोधरड़ा, तालुका चानस्मा, जिला पाटन (गुजरात) |
| मोबाईल नंबर | – | 77459–22271, 93000–97613 |
| व्यवसाय | – | कुरियर कार्य, |

––00––

मैं मुकेश कुमार रावल पूछे जाने पर बता रहा हूं कि मैं कुरियर का कार्य विगत् 6–7 महिने से कर रहा हूं। बड़े परिचित व्यवसाई लोगों का किमती सामान एक स्थान से दूसरे स्थान लाने ले जाने का कार्य करता हूं। कभी–कभी व्यवसाइयों के द्वारा अन्य शहरो में उनके व्यवसाय से संबंधित सामान खरीदने में तत्काल पैसों की आवश्यकता होने पर उनके द्वारा कहने पर कुछ शहरो में पैसे की व्यवस्था करवा देता हूं। इस कार्य हेतु व्यवसाइयों द्वारा मुझे कार्य के अनुसार भुगतना किया जाता है।

आज मुझे आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो कार्यालय में मेरे मोबाईल नंबर 93000–97613 पर मोबाईल नंबर 98271–97924 से हुई वार्तालाप ट्रान्सक्रिप्शन दिखाया गया एवं टेप की हुई आवाज को सुनाया गया। ट्रांसक्रिप्शन पढ़ कर एवं रिकार्ड की हुई बातें सुनकर वार्तालाप के संबंध में बता रहा हूं कि :–



दिनांक 13.02.2015 के 10:32:47 बजे प्रारंभ होकर दिनांक 13.02.2015 के 10:34:59 बजे का कॉल मेरे मोबाईल नंबर पर मोबाईल नंबर 98271–97924 से विद्या हॉस्पिटल के डा. दुबे से हुई वार्तालाप है। उक्त वार्तालाप में डा. दुबे द्वारा सराफा व्यवसाई महावीर अशोक ज्वेलर के प्रवीण का उल्लेख करते हुए मुझसे कहा गया था कि उन्हें 05 लाख रूपये दिल्ली भिजवाना है, कल डिलिवरी दिल्ली में मिल जायेगी क्या? इस पर मेरे द्वारा उन्हें कहा गया था कि पैसे भिजवा देंगे पर चांदनी चौक दिल्ली से कलेक्ट करना होगा, आप फाफाडीह स्थित मेरे ऑफिस में पैसे छोड़ देना। डा. दुबे द्वारा मुझसे यह भी पूछा गया था कि दिल्ली में जिससे पैसे कलेक्ट करना होगा उसे आप कितने पैसे देंगे। तब मेरे द्वारा उन्हें बताया गया था कि कमीशन काट कर उसको दुंगा। इसके पश्चात् डा. दुबे द्वारा पूछा गया था कि जिस आदमी से पैसा कलेक्ट करना होगा उसकी पहचान के लिये कोई

नोट—नंबर बतायेंगे क्या? इस पर मेरे द्वारा उन्हें बताया गया था कि दिल्ली में जो पैसे कलेक्ट करने जायेगा, उससे नोट—नंबर लेकर उस आदमी का नाम, मोबाईल नंबर और नोट का नंबर मुझे बता देना, मैं दिल्ली पार्टी को खबर कर दुंगा, जिससे पैसे कलेक्ट करने में आसानी होगी। इस पर डा. दुबे द्वारा कहा गया था कि ठीक हैं मैं आपके ऑफिस आता हूं।

दिनांक 13.02.2015 के 12:12:27 बजे प्रारंभ होकर दिनांक 13.02.2015 के 12:13:50 बजे का कॉल मेरे मोबाईल नंबर पर डा. दुबे से उनके मोबाईल नंबर 98271—97924 से हुई वार्तालाप है। उक्त वार्तालाप में डा. दुबे द्वारा मुझसे पूछा गया था कि थोड़ा ज्यादा कमीशन लेकर दिल्ली आर.के. पूरम् में डिलिवरी आप करवा सकते है क्या। इस पर मेरे द्वारा उन्हें बताया गया था कि दूरी ज्यादा होने से थोड़ा मुश्किल होगा, आपकी पार्टी चांदनी चौक जाकर कलेक्ट नहीं कर सकती क्या। तब डा. दुबे द्वारा बताया गया था कि दिल्ली में पेमेंट लेने वाला थोड़ा व्यस्त है, अतः चांदनी चौक नहीं जा पायेगा। मेरे द्वारा यह पूछने पर की दिल्ली भेजने के लिये 05 लाख रूपय्र ही है ना, तो डा. दुबे द्वारा बताया गया था कि 05 लाख रूपये ही भेजना है। इस पर मैंने पार्टी से पूछकर बताता हूं कहा था।

दिनांक 13.02.2015 के 12:30:32 बजे प्रारंभ होकर दिनांक 13.02.2015 के 12:32:47 बजे का कॉल मेरे मोबाईल नंबर से डा. दुबे से उनके मोबाईल नंबर 98271—97924 पर हुई वार्तालाप है। उक्त वार्तालाप में मेरे द्वारा डा. दुबे को बताया गया था कि पैसे की डिलिवरी आर.के. पूरम् दिल्ली में देना आपको मंहगा पड़ेगा, क्योंकि लड़का पैसे लेकर केवल आपकी पार्टी को पैसे की डिलिवरी के लिये आर.के. पूरम् तक जायेगा। उसका कमीशन 3,000रू. मांग रहा है। तब ड़ा. दुबे द्वारा मुझसे पूछा गया था कि इसमें आपका कमीशन भी शामिल है की अलग से है। तब मेरे द्वारा उन्हें बताया गया था कि मेरा कमीशन 2,000रू. और दिल्ली डिलिवरी देने वाली पार्टी का कमीशन 3,000रू. है। तब डा. दुबे कहा गया था कि ठीक है दोनों के कमीशन का पेमेंट वे कर देंगे। डा. दुबे द्वारा मुझसे यह भी पूछा गया था कि 05 लाख रूपये उनके पास से कलेक्ट करवा सकते हैं क्या। मेरे द्वारा उनके शंकर नगर स्थित ऑफिस का पता पूछने पर कहा गया था कि मैं निकलूंगा तो आपके ऑफिस में छोड़ दुंगा।

इसके बाद डा. दुबे द्वारा मुझे 100रू. के नोट का नंबर 5WA378925 और आर.के. पूरम् दिल्ली का पता E 1/1 MS Flats, Sector-13, R.K. Pram New Delhi, Dr. Anand Dubey एस. एम.एस. भेजे थे, इस एस.एम.एस. को मैंने दिल्ली में अपने परिचित को भेजा था, ताकि वह आर.के. पूरम् में डिलिवरी दे सके। आज मुझे मेरे मोबाईल पर डा. दुबे द्वारा भेजा गया मैसेज और मेरे द्वारा उक्त मैसेज को फारवर्ड करने से संबंधित डिटेल दिखाया गया है।

दिनांक 13.02.2015 को 13:37:54 बजे का मैसेज मेरे मोबाईल नंबर 93000–97613 पर डा. दुबे के मोबाईल नंबर 98271–97924 से भेजा गया था तथा इस मैसेज को मैंने अपने परिचित फूल सिंह को उनके मोबाईल नंबर 93014–43126 पर दिनांक 13.02.2015 के 12:50:58 बजे फारवर्ड किया था।

मैं डा. आलोक दुबे को नहीं जानता, उपरोक्त वार्तालाप उनके द्वारा मेरे मोबाईल पर फोन करने से पहली बार हुई थी। डा. दुबे को दिल्ली में किसी व्यक्ति को 05 लाख रूपये भिजवाने थे। इसी सिलसिले में सराफा व्यवसाई प्रवीण भाई महावीर अशोक ज्वेलर वाले का नाम बताकर उन्होंने मुझसे दिल्ली पैसे भिजवाने के संबंध में बात किये थे। शाम को डा. दुबे द्वारा मुझे बताया गया था कि उनकी दिल्ली की फ्लाईट कैंसिल हो गई है, अतः दिल्ली पैसे नहीं भेजना है। इस पर मेरे द्वारा फूलसिंह को दिल्ली में डिलिवरी देने से मना कर दिया था। यही मेरा कथन है।

दिनांक 25.04.2015

(एस0डी0 देवस्थले)
निरीक्षक
आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो,
रायपुर, छत्तीसगढ